NEW DELHI MUNICIPAL COUNCIL

NDMC is all set to mark Second International Yoga Day

- ***Yoga activities to be continued at Lodhi, Nehru and Talkatora Gardens***

New Delhi – June 10, 2016

The Ministry of AYUSH, Government of India is celebrating Second International Yoga Day at Chandigarh on the June 21, 2016 as a National level programme, which will be attended by the Hon'ble Prime Minister.

In New Delhi, Ministry of AYUSH, Government of India and New Delhi Municipal Council (NDMC) will celebrate as a part of International Yoga Day at Connaught Place and its six radials and inner circles roads alongwith three Gardens namely Lodhi Garden, Nehru Park and Talkatora Garden.

Outlining the details of the Yoga Event, the NDMC informed that the main event will be organized at Connaught Place where about 10,000 participants will perform the common protocol yoga from starting programme 6.00 - 7.30 a.m. on June 21, 2016. Volunteers from organizations like Art of Living, Patanjali Yoga Peeth, Morarji Desai National Institute of Yoga, Centre for Nature Cure and Yoga, Prajapita Brahm Kumari, Delhi Police and volunteers from RWAs will perform yoga on the occasion.

With the aim to organize the prestigious event in a befitted manner and yoga as a build-up campaign, yoga camps are being organized at Lodhi Garden, Talkatora Garden and Nehru Park. Special yoga sessions are being held at Raahgiri at Connaught Place on Sunday, 12 and 19 June, 2016.

NDMC decided to continue regular yoga programme on regular basis atleast six days in a week in morning hours at Lodhi Garden, Nehru Park and Talkatora Garden in collaboration with the Art of Living, Patanjali Yoga Peeth and Morarji Desai National Institute of Yoga.

It may be recalled that extending recognition to the Indian Cultural and heritage and honour to the Indian Prime Minister, the United Nations General Assembly had declared June 21st as the International Yoga Day on December 11, 2014. Accordingly the first International Yoga Day Celebration was organized at Rajpath in New Delhi on June 21, 2015.

Shehrawat

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्

- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् तैयार**
- **योग कार्यक्रम लोधी, नेहरू और तालकटोरा गार्डन में जारी रहेगें**

नई दिल्ली 10 जून, 2016

भारत सरकार का आयुष मंत्रालय राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दिवस का आयोजन 21 जून, 2016 को चंडीगढ में आयोजित करेगा जिसमें माननीय प्रधानमंत्री शामिल होगें ।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् दिल्ली में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का अयोजन कनॉट प्लेस और उसके छह रेडियल तथा इनर सर्कल की सड़को पर आयोजित करेगा । इस कार्यक्रम का साथ-साथ आयोजन पालिका परिषद् के लोधी गार्डन, नेहरू पार्क और तालकटोरा गार्डन में किया जाएगा ।

दिल्ली में आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम के बारे में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने बताया कि मुख्य आयोजन कनॉट प्लेस में 21 जून, 2016 को सुबह 6.00 बजे से 7.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें दस हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है ।

इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग, पातंजलि योगपीठ, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केन्द्र, प्रजापिता ब्रहमकुमारी, दिल्ली पुलिस और आवासीय कल्याण समितियों के स्वयंसेवक भी भाग लेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् पहले से ही अभियान चला रही है, जिसके अन्तर्गत लोदी गार्डन, नेहरू पार्क और तालकटोरा गार्डन में हर सप्ताह के अन्त में योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं । इसके साथ-साथ 12 और 19 जून, 2016 को रविवार के दिन कनॉट प्लेस में राहगीरी कार्यक्रम में भी विशेष योग शिविर आयोजित किए जाएगें ।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने निर्णय लिया है कि ये योग कार्यक्रम नियमित रूप से सप्ताह में कम से कम छह दिन सुबह लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन और नेहरू पार्क में आर्ट ऑफ लिविंग, पंातजलि योगपीठ और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से आयोजित किए जाएगें।

उल्लेखनीय है कि भारतीय संस्कृति और इसकी विरासत को मान्यता एवं भारत के प्रधानमंत्री को सम्मान देने के उद्देश्य से सयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर, 2014 को प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने की घोषणा की थी । इसके अनुसार ही पिछले वर्ष 21 जून,

2015 को दिल्ली में राजपथ पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पहली बार आयोजन किया गया था।

शहरावत